मूल हिन्दी

**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2809**

**08 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी**

**2809. श्री विनोद लखमशी चावड़ाः**

**श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलालः**

**श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः**

**श्रीमती हिमाद्री सिंहः**

**श्री विजय बघेलः**

**श्रीमती स्मिता उदय वाघः**

**श्री जुगल किशोरः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत अब तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, विशेषकर छत्तीसगढ़ में लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र-वार और महाराष्ट्र के जलगांव जिले में कितनी निधियां व्यय की गई हैं और कितने घर आवंटित किए गए हैं;

(ख) पीएमएवाई-यू के अंतर्गत देश में महिलाओं के नाम पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, विशेषकर छत्तीसगढ़ में लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र-वार, कितने घर पंजीकृत किए गए हैं; और

(ग) देश में, विशेषकर छत्तीसगढ़ में उक्त योजना के विस्तार के लिए भावी रोडमैप क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**

**(श्री तोखन साहू)**

(क) और (ख): 'भूमि' और 'कालोनीकरण' राज्य के विषय हैं। इसलिए, अपने नागरिकों के लिए आवास से संबंधित योजनाओं को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। हालांकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय देश भर में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मूलभूत नागरिक सुविधाओं सहित पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए 25.06.2015 से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को पूरा करने में सहायता कर रहा है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पीएमएवाई-यू के तहत निर्मित आवास या तो परिवार की महिला मुखिया के नाम पर या संयुक्त नाम पर होते हैं। अगर परिवार में कोई वयस्क महिला सदस्य नहीं है, तो आवास पुरुष सदस्य के नाम पर हो सकता है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, 29.07.2024 तक, पीएमएवाई-यू के तहत छत्तीसगढ़ राज्य सहित 118.64 लाख आवासों को स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत आवासों में से, 114.40 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है; जिनमें से 85.43 लाख आवास बनकर तैयार हो चुके हैं/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। स्वीकृत आवासों में लगभग 2 लाख करोड़ रु. की केंद्रीय सहायता शामिल है, जिसमें से 1.64 लाख करोड़ रु. अब तक जारी किये जा चुके हैं।

महिला लाभार्थियों के लिए स्वीकृत आवासों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा तथा पीएमएवाई-यू के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई केंद्रीय सहायता सहित स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण/सौंपे गए आवासों की कुल संख्या का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

महिला लाभार्थियों को स्वीकृत आवासों का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा तथा पीएमएवाई-यू के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य और महाराष्ट्र के जलगांव जिले के लिए स्वीकृत और जारी की गई केंद्रीय सहायता सहित स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण/सौंपे गए आवासों की कुल संख्या का ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है।

(ग): केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10.06.2024 को आवासों के निर्माण के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया है, ताकि पात्र परिवारों की संख्या में हुई वृद्धि से उत्पन्न आवास की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इसमें देश के शहरी क्षेत्रों के लिए 1 करोड़ आवास शामिल हैं।

*****

दिनांक 08.08.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 2809 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक – I

**पीएमएवाई-यू के अन्तर्गत महिला लाभार्थियों के लिए स्वीकृत आवासों और स्वीकृत और जारी केंद्रीय सहायता सहित स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण/सौंपे गए आवासों की कुल संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रका नाम का | आवासों की वास्तविक प्रगति (संख्या) | | | | केंद्रीय सहायता के संबंध में वित्तीय प्रगति (करोड़ रु. में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत आवास | | निर्माणाधीन | पूर्ण/सौंपे गए आवास | | |
| | | | महिला | कुल | | | स्वीकृत | जारी |
| 1 | राज्य | आंध्र प्रदेश | 18,68,021 | 21,37,028 | 19,90,937 | 9,79,620 | 32,568.27 | 23,800.26 |
| 2 | | बिहार | 2,10,611 | 3,14,477 | 3,05,811 | 1,48,063 | 4,950.45 | 3,368.00 |
| 3 | | छत्तीसगढ़ | 2,41,178 | 3,02,663 | 2,89,329 | 2,39,645 | 4,810.98 | 4,088.81 |
| 4 | | गोवा | 2,326 | 3,146 | 3,146 | 3,145 | 74.76 | 75.04 |
| 5 | | गुजरात | 7,67,922 | 10,05,204 | 9,84,304 | 9,18,493 | 21,064.34 | 19,805.76 |
| 6 | | हरियाणा | 92,221 | 1,15,034 | 93,153 | 68,140 | 2,171.64 | 1,673.50 |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 11,171 | 12,758 | 12,670 | 10,715 | 215.95 | 202.02 |
| 8 | | झारखंड | 1,57,452 | 2,29,156 | 2,13,543 | 1,43,350 | 3,603.31 | 2,987.87 |
| 9 | | कर्नाटक | 3,35,395 | 6,38,121 | 5,73,205 | 3,69,566 | 10,614.43 | 7,168.29 |
| 10 | | केरल | 1,45,473 | 1,67,322 | 1,47,916 | 1,23,626 | 2,781.18 | 2,293.45 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 7,77,030 | 9,61,147 | 9,49,468 | 8,04,646 | 15,930.45 | 15,284.69 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 8,13,067 | 13,64,923 | 11,17,596 | 8,55,447 | 25,548.21 | 19,323.37 |
| 13 | | ओडिशा | 1,50,102 | 2,03,380 | 1,81,129 | 1,48,558 | 3,176.98 | 2,479.75 |
| 14 | | पंजाब | 1,00,717 | 1,32,235 | 1,16,674 | 84,465 | 2,342.54 | 1,825.79 |
| 15 | | राजस्थान | 2,36,496 | 3,19,863 | 2,66,843 | 1,93,231 | 5,891.46 | 4,693.97 |
| 16 | | तमिलनाडु | 5,60,103 | 6,80,347 | 6,63,642 | 5,70,674 | 11,185.30 | 10,134.92 |
| 17 | | तेलंगाना | 1,43,748 | 2,50,084 | 2,44,219 | 2,24,679 | 4,475.66 | 3,718.27 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 13,49,676 | 17,76,823 | 17,33,290 | 15,67,031 | 27,962.68 | 26,411.68 |
| 19 | | उत्तराखंड | 43,260 | 64,391 | 60,267 | 34,612 | 1,176.51 | 940.86 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 4,93,703 | 6,68,953 | 6,13,489 | 4,01,242 | 10,773.50 | 7,675.93 |
| **उप- कुल (राज्य) :-** | | | **84,99,672** | **1,13,47,055** | **1,05,60,631** | **78,88,948** | **1,91,318.59** | **1,57,952.25** |
| 21 | उत्तर पूर्व राज्य | अरूणाचल प्रदेश | 6,329 | 8,499 | 8,070 | 7,851 | 182.38 | 161.18 |
| 22 | | असम | 1,36,768 | 1,76,643 | 1,61,034 | 1,03,670 | 2,674.26 | 2,065.73 |
| 23 | | मणिपुर | 48,683 | 56,037 | 48,658 | 14,712 | 841.39 | 471.91 |
| 24 | | मेघालय | 4,372 | 4,758 | 3,794 | 1,633 | 72.35 | 43.31 |
| 25 | | मिजोरम | 28,710 | 39,605 | 39,215 | 11,133 | 607.8 | 447.22 |
| 26 | | नागालैंड | 27,271 | 31,860 | 31,841 | 23,333 | 503.91 | 393.41 |
| 27 | | सिक्किम | 141 | 316 | 316 | 202 | 6.13 | 7.09 |
| 28 | | त्रिपुरा | 72,000 | 92,854 | 84,916 | 74,167 | 1,494.35 | 1,273.47 |
| **उप - कुल (एनई राज्य) :-** | | | **3,24,274** | **4,10,572** | **3,77,844** | **2,36,701** | **6,382.57** | **4,863.31** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह | 28 | 376 | 376 | 47 | 5.84 | 2.93 |
| 30 | | चंडीगढ़ | 973 | 1,256 | 1,256 | 1,256 | 28.78 | 28.78 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 9,025 | 9,947 | 9,947 | 9,230 | 214.4 | 200.27 |
| 32 | | दिल्ली | 25,447 | 29,976 | 29,976 | 29,976 | 692.53 | 692.53 |
| 33 | | जम्मू और कश्मीर | 32,940 | 47,040 | 42,942 | 24,622 | 724.94 | 483.48 |
| 34 | | लद्दाख | 602 | 1,307 | 1,014 | 843 | 30.22 | 24.05 |
| 35 | | लक्षद्वीप | 0 | - | - | - | - | - |
| 36 | | पुदुचेरी | 14,183 | 15,995 | 15,308 | 10,026 | 254.12 | 223.19 |
| **उप- कुल (यूटी) :-** | | | **83,198** | **1,05,897** | 1,00,819 | 76,000 | **1,950.84** | 1,655.23 |
| **कुल योग :-** | | | **89.07 लाख** | **118.64 लाख** | **114.40 लाख*** | **85.43 लाख*** | **2.00 लाख करोड़** | **1.64 लाख करोड़** |

** मिशन अवधि के दौरान जेएनएनयूआरएम के पूर्ण (3.41 लाख)/निर्माणाधीन (4.01 लाख) आवास शामिल है।*

दिनांक 08.08.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 2809 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक – II

महिला लाभार्थियों के लिए स्वीकृत आवासों का तथा पीएमएवाई-यू के तहत छत्तीसगढ़ राज्य और महाराष्ट्र के जलगांव ज़िले के लिए स्वीकृत और जारी केंद्रीय सहायता सहित स्वीकृत आवासों, निर्माणाधीन, पूर्ण/सौंपे गए कुल आवासों का लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा

| क्र. सं. | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नाम | आवासों की वास्तविक प्रगति (संख्या) | | | | केंद्रीय सहायता के संबंध में वित्तीय प्रगति (करोड़ रु. में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत आवास | | निर्माणाधीन | पुर्ण/सौंपे गए | | |
| | | महिला | कुल | | | स्वीकृत | जारी |
| | | | | छत्तीसगढ़ राज्य | | | |
| 1 | सरगुजा (अनुसूचित जनजाति) | 12,837 | 15,989 | 15,299 | 10,869 | 243.67 | 210.78 |
| 2 | रायगढ़ (अनुसूचित जनजाति) | 18,030 | 21,645 | 21,113 | 16,881 | 340.29 | 281.77 |
| 3 | जांजगीर-चंपा (अनुसूचित जाति) | 16,393 | 20,387 | 19,256 | 16,343 | 312.19 | 256.93 |
| 4 | कोरबा | 10,886 | 12,719 | 12,365 | 10,132 | 194.66 | 147.36 |
| 5 | बिलासपुर | 31,028 | 38,276 | 36,994 | 26,809 | 617.96 | 509.1 |
| 6 | राजनंदगांव | 27,120 | 34,056 | 31,642 | 26,460 | 523.86 | 432.86 |
| 7 | दुर्ग | 41,746 | 50,886 | 48,166 | 41,316 | 823.37 | 715.24 |
| 8 | रायपुर | 48,306 | 62,352 | 61,304 | 54,682 | 1,045.01 | 935 |
| 9 | महासमुंद | 15,524 | 20,118 | 18,920 | 16,070 | 308.61 | 262.63 |
| 10 | बस्तर (अनुसूचित जनजाति) | 9,395 | 12,699 | 11,914 | 9,461 | 194.51 | 166.74 |
| 11 | कांकेर (अनुसूचित जनजाति) | 9,913 | 13,536 | 12,356 | 10,622 | 206.84 | 170.4 |

महाराष्ट्र का जलगांव ज़िला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलगांव | 17,136 | 21,248 | 20,753 | 17,411 | 454.54 | 419.43 |
| 2 | रावेर | 6,594 | 10,116 | 7,136 | 5,675 | 180.17 | 121.28 |